# भोलेनाथ है औघड़दानी बाबा डमरू वाले लिरिक्स

भोलेनाथ है औघड़दानी,
बाबा डमरू वाले,
बम मस्ती में गाले,
बम बम बम मस्ती में गाले।bd।

तर्ज – ऐसी मस्ती कहाँ मिलेगी।

---

नाम भी भोला मन का भी भोला,
ऐसा भोला भाला,
अवगुण सब खुद लिए है बाबा,
गुण सबको दे डाला,
कुछ ना चाहिए भोलेनाथ को,
एक लोटा जल का चढ़ा ले,
बम मस्ती में गाले,
बम बम बम मस्ती में गाले।bd।

---

सारी दुनिया घूम ले पगले,
ऐसा ना देव निराला,
देवों का है देव ये सबका,
महादेव मतवाला,
भांग धतूरा बेलपत्र से,
राज़ी है काशी वाले,
बम मस्ती में गाले,
बम बम बम मस्ती में गाले।bd।

---

अंधा निर्धन कोढ़ी बाँझन,
जो भी है दर पे आवे,
सब के मन की सबको देते,
मनचाहा वर पावे,
एक बार तू मन से रे प्यारे,
बम जयकार लगा ले,
बम मस्ती में गाले,
बम बम बम मस्ती में गाले।bd।

---

शक्ति संग भोला विराजे,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इंटरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

गोद में है गणनायक,
नन्दी ऊपर करे सवारी,
देवों का महानायक,
ॐ नमः शिवाय में 'मोहता',
डुबकी जरा लगा ले,
बम मस्ती में गाले,
बम बम बम मस्ती में गाले।bd।

---

भोलेनाथ है औघड़दानी,
बाबा डमरू वाले,
बम मस्ती में गाले,
बम बम बम मस्ती में गाले।bd।

गायिका – आस्था बंसल।
लेखिका – रेखा 'मोहता' बंसल।
प्रेषक – प्रदीप सिंघल (नजफगढ़ दिल्ली)

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com